# राजस्थान समसामयिकी फरवरी, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
**Books** एवं **E-Books** भी खरीद सकते हैं।
**visit us at : www.sanjivprakashan.com**

# राजस्थान समसामयिकी फरवरी, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 February, 2026

■ **राजस्थान सरकार ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की तीन नीतियों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाइन की–**
**एक जिला एक उत्पाद नीति, 2024**
**राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति, 2024**
**राजस्थान एमएसएमई नीति, 2024**

1 फरवरी, 2026 से राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की तीन नीतियों एक जिला एक उत्पाद नीति-2024, राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024 और राजस्थान एमएसएमई नीति 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई हैं। अब इसके लिए SSOID या ई-मित्र से आवेदन किए जा सकेंगे।

- **एक जिला एक उत्पाद नीति, 2024–**राज्य के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू की गई 'एक जिला एक उत्पाद नीति-2024' के तहत सभी 41 जिलों में एक-एक उत्पाद की पहचान की गई है। इसके तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को 20 लाख रुपये तक मार्जिन मनी अनुदान दिया जाता है।
- **राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024–**राज्य के उद्यमियों को निर्यातक बनाने के उद्देश्य से लागू की गई 'राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024' के तहत निर्यातकों के दस्तावेजीकरण पर 5 लाख रुपये और तकनीकी अपग्रेडेशन पर 50 लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी पर 3 लाख रुपये तक का अनुदान और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस पर 2 लाख रुपये तक का पुनर्भरण किया जाता है।
- **राजस्थान एमएसएमई नीति-2024–**राज्य के छोटे उद्यमियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से लागू की राजस्थान एमएसएमई नीति-2024 के तहत ऋण पर अतिरिक्त 2 फीसदी ब्याज अनुदान दिया जाता है।

## Newspaper of 4 February, 2026

■ **राजस्थान गैस हरित ऊर्जा में प्रमुख भागीदार बनेगी–**

राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (RSGL) ने सीएनजी-पीएनजी के साथ अब एलएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG) क्षेत्रों में भी संभावनाएँ तलाशना शुरू कर दिया है। खान विभाग के प्रमुख सचिव एवं आरएसजीएल के चेयरमैन टी. रविकान्त ने कहा कि राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान गैस अपने परंपरागत कार्यों का विस्तार कर रही है। उन्होंने बताया कि नीमराणा में राज्य का पहला एलएनजी प्लांट निर्माणाधीन है और उसका कार्य प्रगति पर है।

## Newspaper of 5 February, 2026

■ **प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में राजस्थान को एक बार फिर प्रथम स्थान मिला–**

आईसीडीएस राजस्थान को एक बार फिर से 'प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना' में राष्ट्रीय स्तर पर जारी होने वाली मासिक रैंकिंग (जनवरी 2026) में प्रथम स्थान मिला है।

- महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आईसीडीएस की ओर से सितम्बर 2025 में 'प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना' में मासिक रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद पुन: जनवरी 2026 में भी प्रथम स्थान प्राप्त करना गर्व की बात है।
- पिछले वर्ष 2025 में विभाग को पोषण माह में दूसरा तथा पोषण पखवाड़ा में प्रथम स्थान था।
- राजस्थान के प्रथम स्थान के साथ ही उक्त मासिक रैंकिंग में कर्नाटक दूसरे स्थान पर तथा असम तीसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश क्रमश: चौथे और पांचवे स्थान पर हैं।
- देश के सभी जिलों में 01 जनवरी, 2017 से 'प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना' लागू है।
- नवीन पोर्टल पर पंजीकरण 1 अप्रैल, 2023 से प्रारम्भ किया गया।
- मातृ वन्दना योजना में प्रथम बच्चे पर 1 अप्रैल, 2023 से निर्धारित शर्तों को पूरी करने पर दो किश्तों में कुल राशि 5000 रुपये (3000 एवं 2000) का लाभ प्रदान किया जा रहा है।
- दूसरे बच्चे के जन्म पर 1 अप्रैल, 2022 से (केवल लड़की होने पर) निर्धारित शर्तों एवं दस्तावेज के प्रमाणीकरण उपरान्त एकमुश्त राशि 6000 रुपये का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 7 February, 2026

**■ जयपुर में तैयार हुआ दुनिया का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर–**

जयपुर के जोरावर सिंह गेट पर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में दुनिया का पहला आयुर्वेदिक एक्सीलेंस सेंटर पूरी तरह तैयार हो गया है, जिसका शुभारंभ 9 फरवरी, 2026 को हुआ। करीब 9.32 करोड़ रुपए की लागत से विकसित इस अत्याधुनिक सेंटर से आयुर्वेदिक औषधियों और औषधीय पौधों की शुद्धता, गुणवत्ता, प्रभावशीलता और मानकीकरण के लिए आधुनिक प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई है। यहाँ देशभर से एकत्र किए गए 80 प्रमुख औषधीय पौधों के प्रमाणिक नमूनों के आधार पर बाजार में उपलब्ध आयुर्वेदिक उत्पादों की वैज्ञानिक जांच की जाएगी। इससे नकली, मिलावटी और घटिया दवाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

सेंटर की प्रमुख विशेषता डीएनए बैंक, जीनोम सीक्वेंसिंग लैब और डिजिटल डेटा बेस है, जिसमें औषधीय पौधों की जैविक पहचान, गुण और औषधीय प्रभाव से जुड़ी जानकारी संकलित की जाएगी। यह डेटाबेस भविष्य के शोध और नवाचार को मजबूती देगा।

**■ इंडिया स्टोनमार्ट 2026 आर्किटेक्चर फेस्टिवल का शुभारंभ–**

6 फरवरी, 2026 को दिया कुमारी ने इंडिया स्टोनमार्ट 2026 के तहत आयोजित आर्किटेक्चर फेस्टिवल का शुभारंभ किया।

- ♦ जयपुर में सीतापुरा के जेईसीसी में आयोजित इस कार्यक्रम में 12वें ऑल इंडिया स्टोन आर्किटेक्चर अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया गया।
- ♦ उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन से राजस्थान की स्थापत्य विरासत, पत्थर उद्योग और शिल्प परंपरा को वैश्विक पहचान मिलेगी।
- ♦ राजस्थान का पत्थर पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। राम मंदिर, अक्षरधाम मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों और प्रतिष्ठित होटलों के साथ ही ऐतिहासिक इमारतों में राजस्थान का पत्थर लगा है। यह प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि यहाँ की माटी और पत्थर का योगदान पूरी दुनिया में है।
- ♦ इंडिया स्टोनमार्ट का आयोजन हैंडीक्राफ्ट, हस्तशिल्प और मार्बल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए एक बड़ा अवसर है।
- ♦ इससे प्रदेश के छोटे-छोटे कारीगरों और हैंडीक्राफ्ट से जुड़े शिल्पकारों को एक अंतरराष्ट्रीय मंच मिला है। इससे उन्हें न केवल सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि निर्यात के भी अवसर बढ़ेंगे।
- ♦ जयपुर का विश्व वास्तुकला में एक विशेष स्थान है। जयपुर अपने आर्किटेक्चर के लिए विश्व प्रसिद्ध है, यह दुनिया की पहली प्लान्ड सिटी है।

**■ राजस्थान ने पीएम कुसुम योजना में 3 हजार मेगावाट क्षमता अर्जित की–**

हाल ही में राजस्थान ने पीएम कुसुम योजना (कम्पोनेन्ट ए तथा सी) में तीन हजार मेगावाट की क्षमता अर्जित की है।

- ♦ राजस्थान अक्षय ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा के साथ-साथ पीएम कुसुम योजना कम्पोनेन्ट ए तथा सी में देश का अग्रणी राज्य है।
- ♦ राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश के 22 जिलों में किसानों को अब दिन में बिजली मिल रही है।
- ♦ साथ ही, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम्पोनेन्ट बी में सोलर पम्पसेट लगाने पर अनुदान भी दिया जा रहा है।

## Newspaper of 8 February, 2026

**■ राजस्थान में जनगणना के प्रथम चरण मे तहत 1 से 15 मई तक स्वगणना के विकल्प का प्रयोग एवं 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। 7 फरवरी, 2026 को सीएम ने जनगणना 2027 राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन का वर्चुअली उद्घाटन किया।**

## Newspaper of 11 February, 2026

**■ 10 फरवरी, 2026 को डीडवाना-कुचामन जिले के दाउदसर खानड़ी निवासी मेजर राजेन्द्र सिंह शेखावत को अदम्य साहस और अद्वितीय वीरता के लिए सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मेघालय के उमरोई मिलिट्री स्टेशन में आयोजित ईस्टर्न कमांड के जनरल कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवाड़ी ने राष्ट्रपति की ओर से प्रदान किया।**

**उल्लेखनीय है कि मेजर राजेन्द्र सिंह शेखावत ने मणिपुर में हिंसा के दौरान आतंकवादी रोधी अभियान में विशेष कार्य किया था।**

## Newspaper of 15 February, 2026

**■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की छठी बैठक आयोजित हुई; 46 हजार करोड़ रुपए की 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को स्वीकृति दी–**

14 जनवरी, 2026 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पर बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की छठी बैठक

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने राजस्थान में 46 हजार करोड़ रुपए के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सेक्टर की 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज देने की मंजूरी दी। बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों से प्रदेश में 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सोलर मॉड्यूल एवं सैल मैन्यूफेक्चरिंग तथा नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, माइंस और मिनरल्स, ऑटोमोबाइल, कैमिकल, टैक्सटाइल एवं पर्यटन से संबंधित अल्ट्रा मेगा परियोजना को रिप्स के तहत कस्टमाइज्ड पैकेज की स्वीकृति प्रदान की।

**Newspaper of 18 February, 2026**

### ■ केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर से भारत विस्तार का शुभारंभ किया–

17 फरवरी, 2026 को केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुर्गापुरा, जयपुर (राजस्थान) में स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान से भारत विस्तार का शुभारम्भ किया। भारत विस्तार के माध्यम से कृषि में डिजीटल क्रांति का शंखनाद हुआ है।

- ♦ इस प्लेटफॉर्म से अन्नदाता किसानों को एआई आधारित प्रणाली में सही समय पर उनकी खेती से जुड़ी विविध जानकारियां त्वरित मिल सकेगी।
- ♦ गुलाबी नगरी जयपुर से पूरे देशभर में शुरू हुए इस एआई आधारित नवाचार से किसानों को एकीकृत डिजीटल प्लेटफॉर्म पर समग्र कृषि सेवाएँ प्रदान की जाएगी, जिससे कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता को बल मिलेगा एवं किसान सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनेंगे।
- ♦ भारत विस्तार के माध्यम से किसानों को रियल टाइम मंडी मूल्य, भारतीय कृषि शोध संस्थान की कृषि पद्धतियाँ, केन्द्र की कृषि संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, फसल आधारित वैज्ञानिक परामर्श, मौसम पूर्वानुमान, कृषि ऋण, सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन सहित तमाम जानकारियाँ एक ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से मिल पाएगी।
- ♦ वर्तमान में यह हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में शुरू किया गया है तथा भविष्य में यह 11 अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू होगा।
- ♦ साथ ही, आगामी समय में इस प्लेटफॉर्म को एग्रीस्टैक से भी जोड़ा जाएगा।
- ♦ इसके तहत किसान अपनी फार्मर आई.डी. के माध्यम से अपने खेत से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।

### ■ सूक्ष्म सिंचाई में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान–

केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने कहा कि राजस्थान में कृषि क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किए जा रहे है।

- ♦ साथ ही कृषि में तकनीक की उपयोगिता से राज्य देश को दिशा भी दिखा रहा है।
- ♦ राजस्थान में 10 एग्रो जलवायु क्षेत्र हैं, एक बड़ा हिस्सा रेगिस्तान का है।
- ♦ राज्य सरकार द्वारा निंरतर हो रहे नवाचारों के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई के क्षेत्र में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर आ गया है तथा सरकार ने राजस्थान में रेगिस्तान को नंदन वन बनाने का काम किया है।

**Newspaper of 19 February, 2026**

### ■ राजस्थान सरकार ने मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन ₹1250 से बढ़ाकर अब ₹1300 की–

हाल ही में राजस्थान सरकार ने मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में वृद्धि करके इसे ₹1250 से बढ़ाकर ₹1300 करने का निर्णय लिया है। वृद्धावस्था, विधवा या एकलनारी, दिव्यांगजन तथा लघु एवं सीमांत कृषकों को दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि ₹1250 से बढ़ाकर ₹1300 कर दी गई है। सरकार के इस आदेश 91.83 लाख पेंशनरों को फायदा होगा। बढ़ी हुई राशि 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी मानी जाएगी तथा फरवरी 2026 से देय होगी।

उल्लेखनीय है बजट प्रत्युत्तर में 27 फरवरी, 2026 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन में ₹150 की अतिरिक्त बढ़ोतरी के साथ ₹1450 प्रतिमाह करने की घोषणा की है।

**Newspaper of 21 February, 2026**

### ■ राजस्थान 181 हेल्पलाइन को मॉनिटर करेंगे 35 सीनियर आइएएस–

राजस्थान में जनशिकायतों के समय पर निपटारे को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 35 वरिष्ठ अधिकारियों को राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव से लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर तक अधिकारी सचिवालय स्थित कॉल सेंटर में बैठक खुद फोन उठाएंगे। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने निर्देश दिया कि प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन कम से कम 10 कॉल रिसीव करे। इनमें अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार सिंह, अपर्णा अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, संदीप वर्मा और कुलदीप रांका सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहेंगे। यह व्यवस्था 4 मार्च से 28 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी 181 कॉल सेंटर का नियमित दौरा कर आमजन से सीधे संवाद कर रहे है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 22 February, 2026

- **हाल ही में 'लोकभवन' राजस्थान के द्वारा जारी सख्त परिपत्र के अनुसार राज्य के किसी भी वित्त पोषित विश्वविद्यालय में अब कुलगुरु पदनाम के आगे 'माननीय' (Hon'ble) नहीं लिखा जाएगा। लोकभवन द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार कुलगुरु पद संवैधानिक श्रेणी में नहीं आता, इसलिए उसके साथ 'माननीय' शब्द का प्रयोग प्रोटोकॉल के विरुद्ध है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा 9 अक्टूबर, 2012 की प्रोटोकॉल प्रेक्टिस के अनुसार 'Hon'ble' शब्द का उपयोग केवल 'president' और 'Governor' जैसे संवैधानिक पदों के लिए ही किया जाएगा।**

- **देश के 12 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में चल रहे SIR कार्यक्रम के तहत निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की अंतिम सूची जारी की; चार राज्यों में 1 करोड़ वोटर्स हटे; राजस्थान में 31.36 लाख वोटरों के नाम कटे–**

21 फरवरी, 2026 को निर्वाचन आयोग ने देश के 12 राज्यों व केन्द्रशासित क्षेत्रों में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की अंतिम सूची जारी की। मध्यप्रदेश में 34.25 लाख, राजस्थान में 31.36 लाख, छत्तीसगढ़ में 24.99 लाख और केरल में 8.97 लाख मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। यानी कुल मिलाकर चार राज्यों में कुल 99 लाख, 58 हजार, 98 नाम हटे हैं।

अंतिम मतदाता सूची में मध्यप्रदेश में 5.39 करोड़, राजस्थान में 5.15 करोड़, केरल में 2.69 करोड़ और छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ नाम है। अभी तक 7 राज्यों और केन्द्रशासित क्षेत्रों की अंतिम सूची जारी हो चुकी है। इससे पहले 14 फरवरी को लक्षद्वीप और 17 फरवरी को गुजरात की अंतिम सूची आई थी।

**अब राजस्थान में 5.15 करोड़ मतदाता–**राज्य में एसआईआर के बाद जारी फाइनल वोटर लिस्ट में बड़ा बदलाव सामने आया है। प्रदेश में 31 लाख 36 हजार 286 वोटरों के नाम कट गए हैं। 16 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट लिस्ट के बाद 10.48 लाख वोटर बढ़े हैं। ड्राफ्ट लिस्ट में 41.84 लाख नाम हटे थे, जबकि अब 12.91 लाख नए वोटर जोड़े गए हैं और 2.42 लाख नाम सूची से हटे हैं। फाइनल सूची में अब प्रदेश में कुल 5 करोड़ 15 लाख 19 हजार 929 मतदाता हैं। एसआईआर से पहले 27 अक्टूबर, 2025 को यह संख्या 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार 215 थी। फाइनल सूची के अनुसार 5.15 करोड़ मतदाताओं में से 26957881 पुरुष, 24561486 महिला और 562 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के अनुसार बीएलओ के पास फॉर्म भरकर अब भी मतदाता सूची में नाम जुड़ सकता है।

**लिंगानुपात 909 से बढ़कर 911–**फाइनल सूची में लिंगानुपात में दो अंकों की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। पहले प्रति हजार पुरुष मतदाताओं पर 909 महिलाएँ थीं, जो अब 911 हो गई हैं।

- **'राजस्थान होम-स्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026' लागू हुई–**

हाल ही में राजस्थान में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' की अवधारणा को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए 'राजस्थान होम-स्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026' लागू की गई है। राजस्थान सरकार की होम-स्टे योजना 2026 पर्यटन विकास, ग्रामीण आय-वृद्धि और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। भारत सरकार के डिरेगुलेशन 2.0 उपायों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अनुरूप योजना को सरलीकृत किया गया है। योजना अंतर्गत लाइसेंस प्रक्रिया को कम कर, मंजूरी को डिजिटल व तेज बनाया गया है। पहले जहाँ होम-स्टे शुरू करने के लिए कई विभागों की अनुमति और अधिक कागजी कार्य करने पड़ते थे, अब सिंगल-विंडो सिस्टम, कम दस्तावेज और आसान रजिस्ट्रेशन जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। योजना के तहत राज्य के निवासी अपने घर या संपत्ति के कुछ कमरों को पर्यटकों के ठहरने के लिए उपलब्ध करा सकेंगे। अब गृहस्वामी होम-स्टे इकाइयाँ अधिक सहजता से खोल और संचालित कर सकेंगे, जिससे छोटे निवेशक, ग्रामीण परिवार और महिला उद्यमी भी पर्यटन से सीधे जुड़ सकेंगे।

**यह प्रावधान जरूरी–**प्रत्येक किराए के कमरे में अटैच बाथरूम, शौचालय, पर्याप्त जल एवं विद्युत आपूर्ति, वेंटिलेशन, स्वच्छता और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा। परिसर में पार्किंग व्यवस्था और स्थानीय निकायों के अनुरूप कचरा निस्तारण की व्यवस्था भी आवश्यक होगी। प्रत्येक विदेशी पर्यटक की सूचना संबंधित प्राधिकरण को देना तथा अतिथि पंजिका का सधारण कम से कम सात वर्ष तक करना अनिवार्य किया गया है।

## Newspaper of 23 February, 2026

- **हाल ही में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर और रामस्नेही सम्प्रदाय के जगतगुरु गुरु रामदयाल महाराज के सानिध्य में 'गांव ग्वाल' योजना का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के तहत प्रति 70 गायों पर एक 'गांव ग्वाल' नियुक्त किया जाएगा। गायों की संख्या बढ़ने पर ग्वालों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। प्रत्येक ग्वाले को ₹10000 प्रतिमाह का मानेदय दिया जाएगा।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 28 February, 2026

### ■ सीएम भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में बजट 2026-27 के तहत वित्त एवं विनियोग विधेयक पर बोलते हुए सदन में कई घोषणाएँ की; माउंट आबू का नया नाम अब आबूराज, कामां का कामवन व जहाजपुर का नाम यज्ञपुर होगा–

27 फरवरी, 2026 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर बोलते हुए सदन में कई घोषणाएँ की। सबसे बड़ी घोषणा युवाओं के लिए हुई। सरकार ने इस साल एक लाख सरकारी भर्तीयों का कलेंडर जारी किया था। अब इसे बढ़ाकर सवा लाख कर दिया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 150 रुपए बढ़ोतरी करके इसे 1450 रुपए प्रतिमाह किया गया है। माउंटआबू का नाम **आबूराज**, जहाजपुर का नाम **यज्ञपुर** और कामां का नाम **कामवन** करने की घोषणा भी की गई। सीएम ने जयपुर में ट्रेफिक के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए द्रव्यवती नदी पर 36 किलोमीटर लम्बी एलिवेटेड रोड बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने की घोषणा भी की। साथ ही पंचायतों और निकायों को 9200 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

**सुरक्षा व्यवस्था–**

- लोकभवन, विधानसभा सहित अन्य सरकारी भवनों की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस बल।
- महिला सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या 600 की जाएगी।
- पुलिस में तकनीकी संवर्ग के कॉडर का पुनर्गठन

**नई नीतियाँ बनेगी–**

- मुख्यमंत्री जन आवास योजना की समीक्षा कर नवीन प्रोग्रेसिव पॉलिसी।
- गो सेवा नीति लाई जाएगी।
- ऑरेंज इकोनॉमी इंसेटिव स्कीम शुरू करेंगे।
- एआई एवं क्वांटम कम्प्यूटिंग मिशन शुरू करेंगे।

**युवाओं का स्किल डवलपमेंट–**

- बालोतरा में स्किल डवलपमेंट हब
- रिप्स में अधिकतम अनुदान राशि 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ होगी।
- 5000 आदिवासी युवाओं को उद्योग लगाने के लिए ब्याज मुक्त कर्ज
- 450 करोड़ रुपए से अटल बिहारी वाजपेयी ग्लोबल स्किलिंग केन्द्र बनेगा।

**भत्ता-मानदेय बढ़ाएं–**

- सरकारी कर्मचारियों के महँगाई भत्ते के अनुसार विधायकों के वेतन में होगी बढ़ोतरी।
- विधायकों को एक मोबाइल टैबलेट दिया जाएगा।
- पंचायतीराज संस्थाओं-नगरीय निकायों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के मानदेय में 10% की वृद्धि होगी।
- सरकारी कर्मचारियों के लिए तीन वर्षों में एनबीसीसी पैटर्न पर 3 हजार फ्लेट्स का निर्माण।
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मिड डे मील कुक का मानदेय दस फीसदी बढ़ेगा।

**विकास का बजट–**

- मिसिंग लिंक सड़कों पर 500 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च होंगे।
- बिजली तारों को अंडरग्राउंड करने के लिए 100 करोड़ खर्च होंगे।
- 300 नई रोडवेज बसें खरीदेंगे।
- 2000 करोड़ रुपए से स्कूल आधारभूत संरचना कोष बनेगा।
- जयपुर मेट्रो फेज टू का काम 13 हजार करोड़ की लागत से शुरू होगा।
- शहरों में वर्टिकल ग्रोथ के लिए नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुसार अग्नि सुरक्षा प्रावधान।

### ■ राजस्थान विधानसभा ने बजट 2026-27 को मंजूरी दी–

27 फरवरी, 2026 को विधानसभा ने राजस्थान वित्त एवं विनियोग विधेयक-2026 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विधेयक पारित कर विधानसभा ने राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2026-27 में 6 लाख 23 हजार 204 करोड़ 65 लाख 47 हजार रुपए खर्च करने की मंजूरी दी। उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दिया कुमारी ने विनियोग विधेयक को 26 फरवरी, 2026 को सदन में पेश किया था।

### ■ जैसलमेर में डे-नाइट वायुशक्ति-2026 युद्धाभ्यास हुआ; सामरिक क्षमता-तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया; अभ्यास में 77 लड़ाकू विमान शामिल रहे।

27 फरवरी, 2026 को जैसलमेर के सीमावर्ती क्षेत्र में वायुशक्ति-2026 युद्धाभ्यास हुआ। अभ्यास में भारतीय वायुसेना ने चौबीसों घंटे संचालन क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। युद्धाभ्यास की राफेल की उपरसोनिक उड़ान से शुरुआत हुई। इस अभ्यास में अपाचे एलसीएच प्रचंड, स्वदेशी आकाश, समर और एस-400 प्रणाली का प्रदर्शन किया गया। इस वायुशक्ति 2026-अभ्यास के दौरान जैसलमेर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने स्वदेशी लाइ कॉम्बेट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरी। इसके साथ ही वे किसी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति बन गईं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू वायुसेना की पायलट ड्रेस में को-पायलट सीट पर बैठी। 25 मिनट की उड़ान में उन्होंने 'प्रचंड' की मारक क्षमता का अनुभव किया। □□□

# संजीव®


**51 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

Join Our App

Join Our Telegram

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com